‘हर मोहल्ले में होना चाहिए सैनेटाइजेशन’

अमृत विचार, शाहजहांपुर

इलाके को सैनेटाइज करता नगर निगम कर्मचारी • अमृत विचार

कोविड-19 महामारी को देखते हुए नगर आयुक्त संतोष कुमार शर्मा के निर्देश क्रम में रविवार को नगर में बने कन्टेनमेंट जोन एवं नगर के अन्य क्षेत्रों में विशेष अभियान के तहत सेनेटाइजेशन का कार्य कराया गया। नगर आयुक्त संतोष कुमार शर्मा एवं अपर नगर आयुक्त एस के सिंह द्वारा नगर के विभिन्न क्षेत्रों में नगर निगम द्वारा कराए जा रहे सेनेटाइजेशन के कार्य का निरीक्षण किया गया। नगर आयुक्त संतोष कुमार शर्मा ने नगर क्षेत्र के ब्रज बिहार कॉलोनी, अंटा चौराहा एवं नगर में बने कन्टेमेंट जोन में कराए सेनेटाइजेशन के कार्य का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान ब्रज बिहार कॉलोनी एवं कन्टेमेंट जोन में कराए जा रहे सेनेटाइजेशन के कार्य को अपनी देखरेख में कराया। नगर निगम के 60 वार्डों के अन्तर्गत आने वाले क्षेत्र एवं मलिन बस्तियों में विशेष सफाई एवं सेनेटाइजेशन का अभियान संचालित किया गया है।